कार्यालय निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा/प्रारं/शैक्षिक/एबी/3563/विविध/2018/260 दिनांक– 16.9.2019

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान ।

जिला शिक्षा अधिकारी(मुख्यालय)
प्रारंम्भिक शिक्षा समस्त जिले

विषयः–विद्यालय में प्लास्टिक की वस्तुओं का उपयोग कम करने व प्लास्टिक कचरा प्रबन्धन गतिविधियां/कार्यक्रम आयोजित करने बाबत।

सन्दर्भः–1.संयुक्त सचिव मानव संसाधन विकास मंत्रालय,स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार का अर्द्ध शासकीय पत्रांकः2/2 S(DWS)/19 दिनांक 02.9.19

2. अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद,जयपुर का पत्रांकः79465 दिनांक 09.9.19

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्रों के कम में लेख है कि आपके क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत संचालित समस्त विद्यालयों में 11 सितम्बर 2019 से 27 अक्टूबर 2019 तक प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग को कम करने एवं प्लास्टिक कचरा प्रबन्धन पर जागरूकताविकसित करने के उद्देश्य से समस्त संस्था प्रधानों को निम्नांकित विवरणानुसार गतिविधियां आयोजित करवाए जाने हेतु पाबन्द किया जाना सुनिश्चित करें–

क.सं	आयोजन अवधि/तिथि	आयोज्य गतिविधि/कार्यक्रम का विवरण
1.	11 सितम्बर 2019 से 01 अक्टूबर 2019 तक	1.प्लास्टिक कचरा प्रबन्धन हेतु जन जागरूकता अभियान चलाकर विद्यालय परिसर में एवं आस पास एक बार उपयोग में आनेवाली प्लास्टिक की वस्तुओं का उपयोग नहीं करने के प्रति जागरूकता विकसित की जाए। 2.प्लास्टिक कचरे के संग्रहण एवं उचित निस्तारण की जानकारी का प्रचार प्रसार किया जाय। 3.सामान्य स्वच्छता के लिए **"स्वच्छता ही सेवा"** दिवस का आयोजन कर पलास्टिक कचरा संग्रहण हेतु श्रम दान करवाया जाये।
2.	02 अक्टूबर,2019	गांधी जयंति के अवसर पर **"स्वच्छता ही सेवा"**दिवस के अन्तर्गत प्लास्टिक कचरा संग्रहण हेतु श्रम दान का आयोजन किया जाय जिसके तहत प्रारंम्भिक शिक्षा के विद्यालयों में कक्षा 4 से 6 तक के विद्यार्थी विद्यालय परिसर के अन्दर तथा कक्षा 7 से 8 तक के विद्यार्थी विद्यालय के समीपस्थ स्थलों में श्रम दान करेंगे।
3.	03 अक्टूबर 2019 से 27 अक्टूबर 2019 तक	स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत एकत्रित प्लास्टिक कचरे के संग्रहण एवं समुचित निस्तारण हेतु यथोचित कार्यवाही की जाएगी,इसके तहत विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय पंचायत/नगरीय निकाय के माध्यम से निस्तारित कराया जाय।

उपर्युक्तानुसार विद्यालयों में आयोजित की गई गतिविधियों की सूचना व फोटोग्राफराजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, शिक्षा संकुल जयपुर की SWESHECELL की मेल आई.डी swshecell@hotmail.comपर प्रेषित कराया जाना सुनिश्चित करें।

www.rajteachers.com

(ज्योति बाला व्यास)
अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन)
प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1.निजि सचिव,श्रीमान प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2.राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद,जयपुर।
3.निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर।
4. संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा समस्त सम्भाग।

(ज्योति बाला व्यास)
अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन)
प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर